**Date: 28-08-2024**

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक २८ अगस्त २०२४ को ४३वें दीक्षांत समारोह सप्ताह के अन्तर्गत दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी में एक एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। श्री आशीष सिन्हा ने संस्थान के विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट की कार्य संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया। श्री सिन्हा ने इस बात पर विशेष ज़ोर देते हुए कहा की जो भी प्रोजेक्ट हो , उसे ऑनलाइन अपलोड किया जाना चाहिए ताकि इंटरव्यू के समय , उक्त प्रोजेक्ट को आसानी से प्रदर्शित किया जा सके। इंडस्ट्री और कैंपस के वातावरण में बहुत अंतर होता है। इंडस्ट्री में नित नए कार्यों को सिमित समय में करना होता है। श्री सिन्हा ने बताया की सॉफ्टवेयर कम्पनीज में किन टूल्स का इस्तेमाल करके किसी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की क्षमता का आंकलन किया जाता है। श्री आशीष सिन्हा ने २००४ में एम् सी ए के की उपाधि बिलासपुर विश्वविद्यालय से अर्जित किया और लगभग २० वर्षों तक इंग्लैंड में रहे। छात्र -छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा की , आप सभी के अंदर एक अद्भुत क्षमता है जो आपको सदैव आगे बढ़ाने का काम करता है।

व्याख्यान में संचालक के रूप में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य श्री राजीव रंजन कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रो उमेश यादव ने व्याख्यान के अंत में आभार प्रकट किया। डॉ मुनीस शरण, श्री पंकज उपाध्याय , श्रीमती शिवांगी , डॉ आनंद सिंह एवं श्री अम्बिकेश यादव इस व्यख्यान में उपस्थित रहे।